ही 'द कपिल शर्मा शो' के स्क्रीन राइटर वांकुश अरोरा ने छात्रों से इस अद्भुत फिल्म फेस्टिवल पर बात चीत करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह के दौरान रूस और फ्रांस सहित देश-विदेश के ख्याति प्राप्त निर्देशकों द्वारा

निर्मित एवं निर्देशित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म महोत्सव में बीती रात प्रख्यात संगीतकार स्वानंद किरकिरे ने प्रेस्टीज के छात्रों

प्रमुख डॉ. ... फिल्म एवं रंगमंच से जुड़े अखिलेंद्र मिश्रा (अभिनेता), माननी डे (अभिनेत्री), राज रंजन (अभिनेता), आलम खान (अभिनेता) की उपस्थिति में किया गया था।

उपलब्ध करा रहे हैं। इसी श्रृंखला में मुंबई के 50 साल पुराने व लोकप्रिय ब्रांड अप्सरा आइसक्रीम को लेकर आए हैं, अर्पित बड़जात्या और सोनम बडजात्या। अप्सरा आइसक्रीम

आइसक्रीम 19 मार्च से पलासिया टावर स्थित 56 दुकान पर उपलब्ध है। अर्पित बडजात्या ने कहा, हम जल्द ही शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसकी आउटलेट शुरू करेंगे।

p· youth wing

डीएवीवी में तीन दिवसीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम की शुरुआत

युवाओं के योगदान से नंबर वन बनें हम

पत्रिका plus रिपोर्टर

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ सोशल साइंस एवं भारत विकास परिषद की यूथ विंग युवक के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को शुभारंभ कलेक्टर मनीष सिंह के मुख्य अतिथि में हुआ। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एके बांदी विशेष अतिथि थे। इस मौके पर कुलपति प्रो.रेणु जैन, फैकल्टी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा, आज के कार्यक्रम का महत्व और अधिक इस मायने से हो जाता है कि मॉडल संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम से हमारे युवाओं में वैश्विक मानकों के अनुसार ज्ञान साझा करने के प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उनमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जागरूकता का संचार हो सकेगा। कार्यक्रम के तहत बनी 6 कमेटी के माध्यम से हमारे युवाओं को जनता के हित को समझने में आसानी रहेगी। कोरोना काल के दौरान हमारे सामाजिक संगठनों के यूथ विंग में प्रवासी मजदूरों की सहायता से लेकर वैक्सीनेशन महाअभियान तक हर संभव सहयोग प्रदान किया।

यदि इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान शहर के युवाओं का है। शहर के स्कूल से कॉलेज तक के विद्यार्थियों ने कचरा कलेक्शन से लेकर सेग्रीगेशन तक समाज व अपने परिवार को इसके महत्व के बारे में जागरूक किया। कुलपति प्रो. जैन बताया कि डीएवीवी ने अपने छात्रों को उनकी प्रतिभा को बढ़ाने और प्रदर्शित करने के कई मौके दिए है।

इस साल यूनिवर्सिटी अपना पहला मॉडल संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम आयोजित कर रही है। 6 कमेटी के माध्यम से प्रतिनिधियों को एक बेजोड़ मॉडल यूएन अनुभव प्रदान करेगा। इस आयोजन के पीछे उद्देश्य हमारी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए समाधान प्राप्त करने के लिए युवाओं का बौद्धिक विकास करना है।